दिनांकः 14.11.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा–देश के किसानों को कोई भी विभाजित नहीं कर सकता।
- स्वास्थ्य विभाग के राइजिंग राजस्थान प्री–समिट में आज 16 हजार 176 करोड़ रुपये के एमओयू हुए।
- टोंक के देवली–उनियारा में कल उपचुनाव के दौरान एरिया मजिस्ट्रेट के साथ मारपीट मामले में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा गिरफ्तार।
- जनजातीय गौरव दिवस कल–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोहों का शुभारंभ करेंगे।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसान समुदाय को बांटने की साजिश करने के प्रयासों पर चिंता जताई है। श्री धनखड़ आज पुष्कर में 105 वें राष्ट्रीय जाट अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में किसानों को कोई भी विभाजित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि किसान वर्ग का संगठित रहना राष्ट्रवाद के लिए सबसे अच्छा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसान राष्ट्र का प्रतीक है। देश पर कोई भी संकट आएगा तो किसान अपनी छाती पर झेलेगा। उपराष्ट्रपति ने लोगों से आग्रह किया कि वे आने वाली पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का सृजन करें और उन्हें सही रास्ता दिखाए। इसी के साथ, उन्होंने अपने परिवार, कुटुंब, वातावरण का ख्याल रखने और अपने कर्तव्यों का पालन करने पर भी ज़ोर दिया। श्री धनखड़ ने किसानों से कृषि उत्पादों के विपणन और व्यापार में भी अपनी साझेदारी बढ़ाने का आग्रह किया। अपने पुष्कर दौरे के तहत उपराष्ट्रपति ने ब्रह्मा मंदिर और जाट शिव मंदिर में भी दर्शन किए। उन्होंने वीर तेजा जी और श्री एन.आर. मिर्धा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट से पहले आज जयपुर में स्वास्थ्य विभाग का प्री–समिट आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य, चिकित्सा और आयुष क्षेत्र के निवेशकों के साथ 16 हजार 176 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू किये गये। आज हुए एमओयू के साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में अब तक हुए कुल निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 25 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

आज हुए एमओयू में स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में 14 हजार करोड़ रुपये के निवेश एमओयू तथा आयुष क्षेत्र में 2 हजार 157 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। इसके अतिरिक्त, राजनिवेश पोर्टल पर 57 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित करके सरकार ने न केवल समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं, बल्कि अगले 3–4 वर्षों में उनके जमीनी क्रियान्वयन की दिशा में काम करने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

...........

000

43वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 14 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री गोयल ने इस तरह के आयोजन साल में दो बार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार भारत व्यापार प्रोत्साहन संगठन का विस्तार करने और इसे अखिल भारतीय संगठन बनाने पर विचार कर रही है। इस वर्ष मेले का विषय है–विकसित भारत ऐट–2047। इस वर्ष 11 देश अंतर्राष्ट्रीय मेले में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।

000

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि कर्मयोगी सप्ताह के अच्छे परिणाम सामने आए हैं और इसने देशभर में कर्मयोगियों को क्षमता निर्माण तथा निरंतर सीखने की भावना से जोड़ा है। डॉ. सिंह ने आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। उन्होंने कहा कि सीखने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहनी चाहिए। देश के सभी सरकारी कर्मचारियों ने पिछले महीने की 19 से 27 तारीख तक एक सप्ताह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

000

टोंक के देवली–उनियारा में उपचुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा उपखण्ड अधिकारी और एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने नरेश मीणा को आज गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद मीणा के समर्थकों ने टोंक से सवाईमाधोपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 116 पर अलीगढ़ कस्बे के पास जाम लगा दिया और नारेबाजी की। देवली–उनियारा के समरावता गांव की सड़क पर उपद्रवियों ने पुलिस पर हल्का पथराव किया, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि कल हुई घटना में चार मुकदमे दर्ज किये गये हैं और साठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बनी हुई है।

............

बाद में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, नरेश मीणा के समर्थकों और समरावता गांव के लोगों से बात करने पहुंचे। इस बीच, कल की घटना से नाराज़ आरएएस अधिकारियों ने आज जयपुर में सचिवालय में घटना को लेकर प्रदर्शन किया। आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में कर्मचारी सुरक्षा कानून बनाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि कल देवली–उनियारा विधानसभा सीट के उपचुनाव के दौरान समरावता में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मार दिया था।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार के जमुई में जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समारोह का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का तथा डाक टिकट जारी करेंगे। वे ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदाय के विकास के लिए 6 हजार 640 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे।
श्री मोदी प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत बनाए गए 11 हजार आवासों के गृह प्रवेश में भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल बढाने के लिए आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत 23 मोबाइल मेडिकल यूनिट और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 30 अतिरिक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्‌घाटन करेंगे। वे जनजातीय उद्यमशीलता को बढावा देने और आजीविका बढाने के लिए तीन सौ वन धन विकास केंद्रों और जनजातीय छात्रों के लिए दस एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का उद्‌घाटन करेंगे।
प्रधानमंत्री आदिवासी क्षेत्रों में संपर्क में सुधार के लिए पांच सौ किलोमीटर लंबी सडकों और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत सौ बहुउद्देश्यीय केंद्रों की भी आधारशिला रखेंगे। वे 25 अतिरिक्त एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों की भी आधारशिला रखेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के योगदान को सम्मान देने के लिए हर वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जाती है। प्रदेश में भी जनजातीय गौरव दिवस परकल विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री के कल के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ने के लिए सांचौर जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

000

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन आज बाल दिवस के रुप में मनाया गया। इस मौके पर पंडित नेहरू के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इसी के तहत स्कूलों में विशेष आयोजन किये गये। हनुमानगढ के टिब्बी कस्बे के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बाल दिवस पर श्री कृष्ण भोग का आयोजन किया। विद्यालय स्टाफ की ओर से बच्चों को खीर, पूरी, जलेबियां बनवाकर खिलाई गई। चूरू, सांचौर और भीलवाडा में स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। झालावाड, टोंक और सवाईमाधोपुर में कई जगह बाल मेले आयोजित हुए। पाली में कांग्रेस कार्यालय में नेहरू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

000

गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पखवाड़े के तहत प्रदेश के गुरुद्वारों में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। भरतपुर में इसी सिलसिले में आज संकीर्तन यात्रा निकाली गई। संकीर्तन यात्रा का जगह–जगह स्वागत किया गया। इसके अलावा गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ, शबद कीर्तन कार्यक्रम भी गुरूद्वारों में आयोजित हुए। गुरुद्वारों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। कल भी गुरुद्वारों में धार्मिक आयोजन होंगे और अनुयायी गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेकेंगे और गुरुनानक देव जी का गुणगान किया जाएगा।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरु नानक जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री बागडे ने कहा कि सिख धर्म के पहले गुरु गुरुनानक देव ने अपने पूरे जीवन में मानव कल्याण के लिए ही कार्य किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जयंती सामाजिक न्याय के लिए की गयी उनकी निस्वार्थ सेवा को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का पावन पर्व है।

000

हनुमानगढ़ में पक्का साहरणा के पास तीन वाहनों की टक्कर में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गये। ये हादसा उस समय हुआ, जब एक कैंटर ट्रक ओवरटेक करते समय सामने से आ रही लोक परिवहन बस से टकरा गया। इस कारण बस के पीछे आ रही कार भी बस से टकरा गई। हादसे में बस में सवार लोगों को चोटें आईं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

000

राजसमंद में पालनहार योजना और निर्माण श्रमिक शिक्षा तथा कौशल विकास योजना से लाभान्वित हुए बच्चों को लाभार्थी पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी और करीब पांच सौ स्कूली बच्चे मौजूद थे। इस अवसर पर श्रीमती माहेश्वरी ने कहा कि जिले में कई बच्चे जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गए थे। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के नवाचार के बाद श्रम विभाग, शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग ने पिछले एक महीने में कड़ी मेहनत कर पात्र बच्चों को विभिन्न योजनाओं सेजोड़ा है।

000